हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–220 : जौनपुर, मंगलवार 07 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर खाद कारखाने का किया लोकार्पण

ब्यूरो चीफ गोरखपुर राजनारायण ओझा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों फर्टिलाइजर कैंपस में 8603 करोड़ रुपये की हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) खाद कारखाने 1000 करोड़ रुपये की अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) तथा 36 करोड की लागत से बने बीआरडी मेडिकल कालेज में इंसेफेलाइटिस जांच रीजनल मेडिकल रीसर्च सेंटर का लोकार्पण किया।पूर्वी उत्तर प्रदेश की जनता की तरफ से खाद कारखाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संघर्ष से 22 जुलाई 2016 को गोरखपुर में एचयूआरएल के खाद कारखाने का शिलान्यास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संघर्ष को परिणामजन्य बनाया था। करीब 600 एकड़ में 8603 करोड़ रुपये की लागत से खाद कारखाना तमाम खूबियों के साथ बनकर तैयार किया गया है। प्राक्रतिक गैस आधारित प्लांट में प्रतिवर्ष 12.7 लाख मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया



का उत्पादन होगा। –मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में कहा पूरा हुआ पूर्वांचल का सपना

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मंगलवार को गोरखपुर मे प्रधानमंत्री मोदी ने खाद कारखाना और मेडिकल रिसर्च सेंटर समेत विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी का स्वागत करते हुए कहा, पूर्वांचल का सपना साकार हुआ। पिछली सरकारों में ये सपना नामुमकिन था। सीएम ने पूर्वांचल की जनता की ओर से पीएम का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा, पूर्वी यूपी में पिछले कई दशकों से बीमारी से चलते हर वर्ष हजारों मौतें होती थीं लेकिन पिछली सरकारों ने उनकी स्वास्थ्य की परवाह नहीं की थी। सभी को उनके हाल पर छोड़ दिया था। सीएम योगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोले, खाद कारखाने की किसी ने सुध नहीं ली थी। 1990 से बंद कारखाना फिर से शुरू हो रहा है। उन्होने कहा हमारी सरकार ने पूर्वांचल को एम्स की सौगात दी है। सीएम बोले, दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन कैंप हम चला रहे है। सीएम योगी ने कहा सभी को मुफ्त वैक्सीन मिल रही है। गोरखपुर को लगातार माना जाता था कि यहां बीमारी है। यहां दिमागी बुखार, मलेरिया आदि विषाणुजनित बीमारियों से मौतें होती थीं। तब 2016 में आदरणीय प्रधानमंत्री ने इसी एम्स का शिलान्यास किया था और आज उद्घाटन भी कर रहे हैं।

## बगावत रोकने के लिए विधायकों की सीट बदलेगी भाजपा : मौर्य–कुर्मी सहित कई जातियों के लिए बनी रणनीति

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रभावशाली विधायकों के टिकट काटने पर उनकी बगावत से आशंकित भाजपा उनकी सीट बदलने का रास्ता अपनाएगी। विधायकों को उनके ही जिले की किसी दूसरी सीट या दूसरे जिले से चुनाव लड़ाया जाएगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और सरकार की ओर से कराए गए सर्वे में सामने आया है कि क्षेत्र के मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के कामकाज से संतुष्ट है। जनता मोदी–योगी के नाम पर वोट देना चाहती हैं, लेकिन स्थानीय मौजूदा विधायक की कार्यशैली से नाराज है। सर्वे के अनुसार भाजपा के मौजूदा 304 विधायकों में से 50 फीसदी से अधिक विधायकों से उनके क्षेत्र की जनता नाराज है। भाजपा को चुनाव जीतने के लिए कम से कम 30 से 40 प्रतिशत विधायकों के टिकट काटकर वहां नए चेहरों को उतारना पड़ेगा। इससे मौजूदा विधायक के प्रति जनता की नाराजगी दूर हो जाएगी और क्षेत्र में बिगड़े माहौल को भी पक्ष में करने में आसानी होगी। पार्टी में उच्च स्तर पर हुए मंथन में आया है कि मौजूदा विधायकों में बड़ी संख्या में ऐसे हैं जो सपा, बसपा और कांग्रेस छोड़कर 2017 से पहले भाजपा में शामिल हुए थे। यदि 30 से 40 प्रतिशत विधायकों के टिकट काट दिए गए तो वे बगावत पर उतर जाएंगे। ऐसे में वे सपा, बसपा या कांग्रेस के टिकट पर भी भाजपा उम्मीदवार के सामने चुनाव लड़कर पार्टी का चुनावी गणित बिगाड़ सकते है। ऐसे में पार्टी ने तय किया है कि उन्हीं विधायकों का टिकट काटा जाएगा, जिन्हें चुनाव नहीं लड़ाने या उनके बगावती होने से पार्टी पर ज्यादा असर न पड़े। ऐसे विधायक जिनका टिकट काटने से उनकी जाति के वोट बैंक खिसकने का डर है, उन्हें जिले की दूसरी सीट या उनकी जाति के बाहुल्य वाले इलाके की किसी सीट से चुनाव लड़ाया जाएगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक खासतौर पर कुर्मी, मौर्य, राजभर, भूमिहार, ब्राह्मण, ठाकुर सहित कुछ अन्य जातियों के प्रभावशाली विधायकों की सीट बदली जाएगी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

आर एल पाण्डेय लखनऊ। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम ''नई रोशनी'' स्कीम के अंतर्गत संस्था मानव विकास परिषद ,लखनऊ द्वारा ६दिवसीय नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हाता नूरबेग, सआदतगंज,लखनऊ में दिनांक १दिसंबर से ६ दिसंबर२००१ तक किया गया जिसमे 25 अल्पसंख्यक



महिलाओं ने भाग लिया,प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न रिसोर्स पर्सन के माध्यम से नई रोशनी स्कीम के अंतर्गत आने वाली समस्त गतिविधियों से अवगत कराया गया और स्टेशनरी,चाय, लंच,नाश्ता सहित प्रमाण पत्र देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## उप निर्वाचन कराये जाने हेतु समय सारिणी घोषित : जिला निर्वाचन अधिकारी जौनपुर

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उ०प्र० लखनऊ के अधिसूचना दिनांक 06 दिसम्बर 2021 द्वारा जनपद में प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य ग्राम पंचायत के वैधानिक रूप से रिक्त पदों/स्थानों (जो मा० न्यायालय के स्थगन आदेश से बाधित न हो) पर उप निर्वाचन कराये जाने हेतु समय सारिणी घोषित की गयी है। उक्त के क्रम में भारत के संविधान के अनुच्छेद–243ट सपठित उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा–1 खख के अन्तर्गत प्राप्त शक्ति का प्रयोग करते हुए मैं मनीष कुमार वर्मा, जिला मजिस्ट्रेटधि जला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) जौनपुर के प्रधान ग्राम पंचायत एवं सदस्य ग्राम पंचायत के उक्त प्रकार से रिक्त पदों/स्थानों पर उप निर्वाचन निम्नांकित विनिर्दिष्ट समय–सारिणी के अनुसार कराये जाने का निर्देश देता हूँ। नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने का अन्तिम दिनांक व समय 12 दिसम्बर 2021 (पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह (04.00 बजे तक), नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का दिनांक व समय 13 दिसम्बर 2021 (पूर्वान्ह 10.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक), उम्मीदवारी वापस लेने का दिनांक व समय 14 दिसम्बर 2021 (पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक), प्रतीक आवंटन का दिनांक व समय 14 दिसम्बर 2021 (अपरान्ह 03.00 बजे से कार्य की समाप्ति), मतदान का दिनांक व समय 20 दिसम्बर, 2021 (प्रातः 08.00 बजे से अपरान्ह 05.00 बजे तक), मतगणना का दिनांक व समय 21 दिसम्बर, 2021 (प्रातः 08.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक। उन्होंने समस्त निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया है कि अपने–अपने तैनाती विकास खण्ड में अवस्थित प्रधान ग्राम पंचायत एवं सदस्य ग्राम पंचायत के रिक्त प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का पूर्ण विवरण देते हुए अपने स्तर से सार्वजनिक सूचना 08 दिसम्बर 2021 को निर्मित करेंगे और उसकी प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को तत्काल प्रेषित करेंगे। उपर्युक्त उप निर्वाचन में प्रधान ग्राम पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्यों के नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालयों पर होगा। परिणाम की घोषणा सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालयों पर की जायेगी। समस्त निर्वाचन अधिकारियों द्वारा इस उप निर्वाचन कार्यक्रम का स्थानीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जायेगा और ग्राम पंचायतों में मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को इसकी सूचना दी जायेगी। सार्वजनिक जानकारी हेतु ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, तहसील कार्यालय और जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के सूचना पट्टों पर यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जायेगा। इस निर्वाचन में वही निर्वाचन प्रक्रिया अपनायी जायेगी जो आयोग द्वारा निर्धारित एवं निर्देशित है। संदर्भित निर्वाचन कोविड–19 व अन्य किसी महामारी के सम्बन्ध में राज्य आपदा प्रबन्ध, राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धा, राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराते हुए सम्पन्न करायें। उपर्युक्त समय–सारिणी के मध्य पढ़ने वाले सार्वनिक अवकाश दिवसों में भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेगें और निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जायेगी तथा इस निर्वाचन में आप अपने विभागीय वाहन का प्रयोग करेगें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में एम0ए0सी0टी0 के अधिकतम वादों के निस्तारण हेतु की गयी बैठक

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश एम0 पी0 सिंह के कुशल निर्देशन में 11 दिसम्बर 2021 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्धा में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री–ट्रायल बैठक पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर मनोज कुमार सिंह गौतम की अध्यक्षता एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती शिवानी रावत के संयोजन में 07 दिसम्बर 2021 को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर में याचीगण एवं बीमा कम्पनी के अधिवक्ता गण बैठक आहूत की गयी। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण जौनपुर मनोज कुमार सिंह गौतम द्वारा बताया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु अब तक कुल 72 मामले चिन्हित किये जा चुके हैं। बैठक में उपस्थित विभिन्न बीमा कम्पनी के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि चिन्हित मामलों में सभी आवश्यक प्रपत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लिया जाय। बीमा कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि पत्रावली में उपलब्ध प्रपत्रों की जॉच की जा रही है, प्रपत्र सही पाये जाने पर राष्ट्रीय लोक अदालत में



सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण करा लिया जायेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा बताया गया कि सभी याची एवं बीमा कम्पनी के अधिवक्तागण तथा वादकारियों से अपील की गयी कि इस लोक अदालत में एम0ए0सी0टी0 के अधिकतम वादों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण कराकर लाभान्वित हों तथा लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एम0ए0सी0टी0 पीठ के सदस्य विद्वान अधिवक्ता श्री हिमांशु श्रीवास्तव व जयप्रकाश सिंह, बिहारी लाल पटेल, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, सत्येन्द्र कुमार सिंह, प्रवीण मोहन श्रीवास्तव, मंगला प्रसाद सिंह, रविन्द्र विक्रम सिंह, शोभनाथ यादव, सूर्यमणि पाण्डेय, के0के0 शर्मा, सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय, निलेश कुमार निषाद व अन्य तमाम विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## सीता भू प्रवेश धाम में सीताद्वार महोत्सव संपन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सीता भू प्रवेश धाम ट्रस्ट एवं सनातन धर्म परिषद के तत्वावधान में सीताद्वार महोत्सव के अवसर पर श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ एवं श्री सीताराम नाम संकीर्तन के पश्चात् विद्वानों के व्याख्यान एवं कवि सम्मेलन का कार्यक्रम सीता



भू प्रवेश धाम सीताद्वार तहसील इकौना जनपद श्रावस्ती में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छप्पन भोग के साथ भव्य विशाल भंडारा का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्याम मनोहर तिवारी राष्ट्रीय महासचिव सनातन धर्म परिषद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बलरामपुर, हरिकिशोर शुक्ला पूर्व प्राचार्य श्रवण कुमार द्विवेदी . एडवोकेट. दिवाकर पांडे प्रवक्ता हरि शरणानंद बुद्ध सागर अवस्थी . बाबूराम पांडे प्राचार्य, सेतु बंधु त्रिपाठी बाबा जी . अजय जायसवाल, गुलाब चंद जायसवाल . रामचंद्र दास का सहयोग प्रशंसनीय रहा। सुधीर चौधरी अरविंद चौधरी, दिलीप चौधरी. आशीष चौधरी तथा अजय चौधरी का छप्पन भोग में सराहनीय सहयोग रहा। आयोजन में रिंकू मिश्रा प्रधान, अतुल मिश्रा, कौशल नाथ तिवारी, रजनीश तिवारी, राजेंद्र मिश्रा ,शुभम सिंह पदुम नाथ तिवारी और गुलाब चंद्र जायसवाल आदि महानुभावों ने भाग लिया। डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने अध्यक्षता की।

## श्रीकांत श्रीवास्तव बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश सचिव

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीकांत श्रीवास्तव को महासभा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है श्रीकांत श्रीवास्तव की नियुक्ति की सूचना मिलने पर उनके शास्त्री नगर आवास पर जाकर सामाजिक कार्यकर्ता राजनेता अधिवक्ताओं व पत्रकार बंधुओं ने बधाई और शुभकामनाएं दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री कांत श्रीवास्तव कई वर्षों से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा से जुड़े रहे हैं और कायस्थ हित के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे हैं जिसे देखते हुए पूर्व में भी उन्हें महासभा द्वारा प्रदेश सचिव बनाया गया था महासभा में कार्य की सक्रियता को देखते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव के निर्देश पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष महिला शाखा डॉ अंजना श्रीवास्तव की मौजूदगी में श्रीकांत श्रीवास्तव को पुनः प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया इस संबंध में पूछने पर श्रीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि वह शीर्ष नेतृत्व के हमेशा आभारी रहेंगे जिन्होंने उन पर विश्वास कर पुनः प्रदेश



सचिव नियुक्त किया है वह शीर्ष नेतृत्व के आदेश और निर्देश का सदैव पालन करते रहेंगे जिन्होंने मुझ पर विश्वास कर पुनः महासभा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। बधाई देने वालों में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष कार्यवाहक (पू )अनिल श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष कार्यवाहक महिला शाखा डॉ अंजना श्रीवास्तव प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ दीपक पत्रकार ,जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप प्रमुख रहे।

## गोली मारकर दर्जी की हत्या : वारदात के बाद भाग निकले नकाबपोश बदमाश

बलरामपुर ब्यूरो : सुबेहा चौराहे से सोमवार शाम दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे एक दर्जी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद बाइक सवार नकाबपोश बदमाश भाग निकले। पुलिस मामले की जांच के साथ ही दोषियों का पता लगा रही है। सुबेहा थाना क्षेत्र के भटगंवा निवासी शौकत अली (36) सुबेहा मार्ग के चौधरी का पुरवा चौराहे पर एक दुकान में कपड़ा सिलाई का काम करता था। जहां संडवा गांव निवासी महेश (28) भी सिलाई सीख रहा है। सोमवार की शाम दुकान बंद करके दोनों बाइक से घर जा रहे थे। भटगवां संपर्क मार्ग पर नहर कोठी के पास एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने बाइक चला रहे शौकत पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली चलने की आवाज सुन आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों के दौड़ने पर बदमाश बाइक लेकर मौके से भाग गए। शौकत के सिर में गोली लगने से दोनों बाइक से गिर गए जिससे महेश को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को बेहोशी की हालत में सीएचसी भेजा। जहां से शौकत को गंभीर अवस्था में लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। घायल महेश ने बताया कि एक बाइक पर सवार दोनों बदमाश मुंह पर कपड़ा बांध कर ढके हुए थे। शौकत के पिता हामिद ने बताया कि तीन दिन पहले दुकान पर किसी से विवाद होने की जानकारी मिली है। भतीजे चांदबाबू ने बताया कि तीन दिन पहले भटगवां के एक व्यक्ति की बाइक की टक्कर लगने से विवाद होने पर धमकी दी थी। घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत है। थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस मौके की जांच कर स्थानीय लोगों व घायल के परिवारीजनों से बात कर रही है। बदमाशों की तलाश की जा रही है। देर रात शौकत के चाचा शफीक ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान शौकत की मौत हो गई है। शौकत के चार बच्चे हैं। इसमें तीन बेटियां व एक बेटा है।

## सांसद के जन्मदिन पर समर्थकों ने काटा केक

मुंगरा बादशाहपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी का 50 वां जन्मदिन ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह (फंटू) के नेतृत्व में समर्थकों ने केक काटकर मनाया। साथ ही उन्हें मोमेंटम व बुके



भेंट करते हुए उनके दीर्घायु होने के लिए ईश्वर से कामना की। इस दौरान सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के प्रबंधक व सभासद आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) ने जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी पूर्वांचल की गौरव ही नहीं, बल्कि देश के गौरव हैं। वह निश्चित रूप से मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र सहित जनपद जौनपुर के विकास के लिए प्रयत्नशील है। भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने भी सांसद सीमा द्विवेदी को जन्म दिवस की बधाई दी। उन्होंने ईश्वर से उत्तम स्वास्थ्य व सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि सांसद ने न सिर्फ क्षेत्र को समय से आगे सोचने और परिश्रम की पराकाष्ठा से संकल्प को सिद्ध करने की सोच है। बधाई देने में संजीव गुप्ता, डॉ दिवाकर तिवारी, विनय सिंह (पिंटू) व सूर्य लाल जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*वह अच्छाई जो बुरा करनें वाले को मदद करे, अच्छाई नहीं होती है–*

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# पटरी पर लौटती देश की अर्थव्यवस्था

त्योहारों का मौसम हमेशा कुछ ऐसा होता है कि उत्साह और आनंद का माहौल स्वतः ही बन जाता है। लेकिन वर्ष 2020 अलग था, कोविड महामारी के चलते त्योहारों के दौरान उत्साह ठंडा पड़ गया था। वास्तव में, 2020 की दिवाली के समय संक्रमण के मामले बढ़ने, कई जगहों पर तालाबंदी और हर चीज पर प्रतिबंध के चलते कहीं कोई खुशी का माहौल नहीं था। कह सकते हैं कि वर्ष 2020 में त्योहारों का उत्साह बिल्कुल गायब था। लेकिन इस वर्ष सौ करोड़ टीकाकरण और नए कोविड मामलों में कमी के चलते प्रतिबंध कम हो रहे हैं और आर्थिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं।

हमारे त्योहारी मौसम दुकानदारों के लिए खास मायने रखते हैं, क्योंकि इस दौरान आर्थिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। उत्सव अपने तरीके से आर्थिक उछाल में योगदान करते हैं। वास्तव में असंगठित एवं अर्ध–संगठित क्षेत्र में बड़ी संख्या में काम करने वाले लोगों ने वर्ष 2020 में बहुत कुछ खोया। लेकिन इस साल चीजें उत्साहजनक हैं। सरकार ने भी सरकारी कर्मचारियों के लिए बकाया राशि जारी करके, उनके हाथों में अधिक नकदी डालकर, जिसे खर्च किया जा सकता है, अपना काम किया है। आइए, हम उन घटनाओं को देखें, जो अर्थव्यवस्था में बहुत जरूरी पुनरुद्धार और उत्साह लाएंगे, छोटे उद्यमों के व्यवसाय को फिर से शुरू करेंगे और सकारात्मक बदलाव के लिए माहौल तैयार करेंगे।

शैक्षणिक संस्थानः कोविड के चलते स्कूल और कॉलेज परिसर बंद होने के कारण छात्रों को बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की गई, लेकिन इसकी सीमा थी, जिस कारण बहुत से छात्र इससे वंचित रह गए। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र के लोगों के प्रवासन के कारण बहुत से छात्रों ने पढ़ाई ही छोड़ दी या उन्हें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। स्कूल और कॉलेज खुलने से उन छात्रों को मदद मिलेगी और शिक्षा से जुड़े क्षेत्रों में भी इसका असर पड़ेगा। किताबें, स्टेशनरी, स्कूल यूनिफॉर्म, ट्यूशन, परिवहन और अन्य संबंधित क्षेत्रों में कारोबार शुरू होने से ये क्षेत्र पटरी पर लौट पाएंगे।

यात्रा और अवकाशः एयरलाइंस और रेल मार्गों ने फिर से परिचालन शुरू कर दिया है और इसी तरह थिएटर, रेस्तरां, मॉल और बाजार भी खुल गए हैं। इन सभी क्षेत्रों में रोजगार का स्तर उच्च है, जो ऐसे व्यवसायों और व्यापार में लगे लोगों के लिए शुभ संकेत है। ट्रैवल एजेंट, मूवी हॉल, मनोरंजन उद्योग, खाद्य और पेय उद्योग, होटल, रेलवे, एयरलाइंस और कई अन्य क्षेत्र परोक्ष रूप से इन क्षेत्रों से जुड़े हैं, जिन्हें इन क्षेत्रों के खुलने से लाभ होगा। पर्यटन क्षेत्र अपनी प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार संभावनाओं के साथ न केवल पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने में मदद करेगा, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।

सवारी और व्यावसायिक वाहनः पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के बावजूद अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ कारों की बिक्री धीरे–धीरे बढ़ रही है। बिक्री बढ़ाने के लिए डीलर और कार निर्माता ग्राहकों को काफी छूट और कई लाभ दे रहे हैं। उच्च ईंधन लागत को संबोधित करने के लिए कई ऑटो निर्माताओं ने हरित पहल को समर्थन देने के लिए सरकारी पहल द्वारा समर्थित इलेक्ट्रिक वाहनों में संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। यह क्षेत्र भी भारी रोजगार पैदा करता है और यह लोगों के लिए अपनी कार्यकुशलता में सुधार करने का साधन है। दक्षता, कम संचालन व रखरखाव लागत के कारण हमारे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का भविष्य सकारात्मक है।

रियल एस्टेट एवं संबंधित क्षेत्रः आर्थिक गतिविधियों में सुधार घर और व्यावसायिक अचल संपत्तियों की खरीद से जुड़ा है। जैसे–जैसे चीजें बेहतर होंगी, वे सभी, जिन्होंने कार्यालय बंद कर दिया था, अपने कार्यालय स्थापित करेंगे और ऐसा ही शहरी क्षेत्रों में प्रवासी आबादी के साथ होता है, जो बेहतर आर्थिक संभावनाओं के लिए शहरों में वापस आते हैं। इससे निर्माण, सीमेंट, टाइल्स, पेंट और सेनेटरी वियर कंपनियों को काफी फायदा होगा। साथ ही, रियल एस्टेट डेवलपर्स, श्रम और सुरक्षाकर्मियों के लिए संभावनाएं बढ़ेंगी।

स्वास्थ्य सेवाः स्वास्थ्य सेवा ही संभवतः ऐसा क्षेत्र था, जिस पर कोविड का सकारात्मक प्रभाव पड़ा, उसमें और बेहतर संभावनाएं दिखाई देंगी, क्योंकि गैर–कोविड नियमित स्वास्थ्य सेवा पुनः पटरी पर लौटेगी। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवा पर कई राज्य और केंद्र सरकार की परियोजनाओं के शुरू होने के साथ दवा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। इससे डॉक्टरों के साथ–साथ नर्सों, तकनीशियनों और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अन्य रोजगार की संभावनाओं में भी वृद्धि होगी, जो एक सुचारू ढंग से संचालित अस्पताल नेटवर्क के लिए जरूरी है।

वित्तीय सेवाएं : शेयर बाजार बढ़त पर है, और बचत वाले लोग शेयर बाजारों में निवेश कर रहे हैं, विशेष रूप से हाल के महीनों में बाजार में आईपीओ की बाढ़ आ गई है। इस बीच, होम लोन की कम ब्याज दरों के साथ, घर खरीदारों के बीच त्योहारी सीजन में घर खरीदने के लिए कर्ज लेने में दिलचस्पी बढ़ी है। जैसे, कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ 'बाय नाउ पे लेटर' (बीएनपीएल) ट्रेंड लोगों को अभी खरीदारी करने और बाद में अपनी खरीदारी का भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, वित्तीय सेवा उद्योग ने हाल के वर्षों में इससे अधिक आकर्षक ऑफर नहीं देखा है।

कुल मिलाकर, आंकड़े और रुझान अर्थव्यवस्था और लोगों के मिजाज में तेजी का संकेत देते हैं। लोगों को कोविड संबंधी पाबंदियों और निराशा से बाहर आने पर राहत मिली है। त्योहारों के मौसम ने बस खुशियों के लिए जरूरी बहाना और माहौल बना दिया है। कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं जहां अपनी समस्याओं से जूझ रही हैं, वहीं भारत फिर से अपनी बड़ी आबादी का लाभ देख रहा है, जिसमें उन समस्याओं से निपटने के लिए खपत की प्रवृत्ति अंतर्निहित है। उम्मीद की जा रही है कि हम अर्थव्यवस्था और लोगों पर पड़े कोविड की मार से बाहर निकल आए हैं और अब जीवन व आजीविका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इससे मुक्त हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सभी सीटों पर तगड़ा मुकाबला : मुजफ्फरनगर व शामली में दिखेगा किसान आंदोलन का असर

लखनऊ ब्यूरो : सहारनपुर मंडल में जज्बातों का तूफान है। पलायन का मुद्दा भले ही नया न हो, पर इसकी तपिश बरकरार है। कृषि कानून भले ही वापस ले लिए गए हों, पर इनको लेकर यहां की फिजाओं में सवाल तो हैं ही। ...तो वहीं धर्म–सम्प्रदाय की लक्ष्मण रेखाएं भी हैं, जो बदस्तूर हर चुनाव में नजर आती हैं। बहरहाल, आंकड़े बताते हैं कि 16 विधानसभा सीटों वाले इस मंडल में भाजपा ने 2017 में 12 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के लिए यहां का परिणाम थोड़ा ठीक रहा और दो सीटें जीतकर वह भी सपा के बराबर खड़ी हो गई थी। अलबत्ता बसपा यहां खाता नहीं खोल सकी थी। पर, अब हालात बदले हैं। 2022 के लिए सज रहा चुनावी मैदान सपाट कतई नहीं है। चुनावी योद्धाओं की परीक्षा तो यह मैदान लेगा ही, जज्बातों और मुद्दों की तपिश की भी थाह लेगा। एक तरफ उत्तराखंड तो दूसरी तरफ हरियाणा को जोड़ने वाले पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अहम मंडल है सहारनपुर। बात यहां के विकास से शुरू करते हैं। थानाभवन निवासी राजपाल सिंह कहते हैं, मुजफ्फरनगर–सहारनपुर स्टेट हाईवे पर काम हुए। फ्लाईओवर बने तो जाम से निजात भी मिली। हरियाणा और उत्तराखंड को यूपी से जोड़ने वाला बाईपास बना। पानीपत से कैराना, शामली, मुजफ्फरनगर को पौड़ी तक जोड़ने वाले मार्ग पर काम शुरू होने जा रहा है। इस सबसे बदलाव तो आया है। इसका फायदा सत्तारूढ़ दल को मिलेगा। वहीं, चुनावी समर कैसा होगा। इस सवाल पर शुक्रताल निवासी किशोर कुमार विकास कार्यों की फेहरिस्त गिनाने लगते हैं। वह कहते हैं, सहारनुपर में मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय का शिलान्यास हुआ। रामपुर मनिहारन में राजकीय पॉलीक्लीनिक बन गया है। हां, आप यह जरूर मीन–मेख निकाल सकते हैं कि यह अभी चालू नहीं हो पाया है। दिल्ली–यमुनोत्री हाईवे पर दो फेज में काम चल रहा है। शामली तक तो यह पूरा भी हो चुका है। इसके आगे सहारनपुर में आरओबी का काम होना है। सड़क लगभग बनकर तैयार है। यह मार्ग बेहद खराब था। चलना मुश्किल था। पर, अब हालात बिल्कुल बदल गए हैं। इस सबका फायदा चुनाव में भाजपा को मिलेगा। राजेश कुमार विकास कार्यों पर सवाल उठाते हैं। वह कहते हैं, राजकीय मेडिकल कॉलेज पिलखनी में पीजी कोर्स शुरू तो हो गया, पर सुविधाओं का अभाव है। एमआरआई तक यहां नहीं हो पाती है। उद्यमियों की समस्याएं बरकरार। चुनावों की बात छिड़ते ही उद्यमी खुलकर तो कुछ नहीं बोलते, पर अपनी समस्याएं और सवाल रख वे एक इशारा जरूर करते हैं। बात उस वुड कार्विंग उद्योग की जो सहारनपुर की पहचान देश भर में कराता है। पर, यह उद्योग कच्चे माल की किल्लत से जूझता रहता है। चौंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एवं सर्विसेज के चेयरमैन रविंद्र मिगलानी कहते हैं, सरकार को वुडन हैंडीक्राफ्ट के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना चाहिए। वुड सिटी विकसित हो। क्योंकि यह उद्योग सालाना करीब एक हजार करोड़ का निर्यात करता है, जो पांच हजार करोड़ रुपये तक जा सकता है। इसमें लगभग दो लाख लोगों को काम मिलता है। यूएस मार्केट में हमारे उत्पादों की मांग बढ़ी है पर कच्चे माल के दाम भी बेतहाशा बढ़े हैं। पैकिंग मैटीरियल महंगा हो गया। कंटेनर लॉजिस्टिक के लिए 30 से 40 प्रतिशत ज्यादा चुकाना पड़ रहा है। इस पर भी ध्यान दिया जाए। सहारनपुर से रोजाना लगभग एक हजार ट्रॉली पॉपुलर की लकड़ी यमुनानगर जाती है। वहां के बजाय सहारनपुर को ही प्लाईवुड औद्योगिक क्षेत्र के रूप में क्यों नहीं विकसित किया जाता? सरकारें सोच ही नहीं रहीं। बेहट के रामवीर सिंह चुनावी चर्चा छिड़ते ही मायूस हो जाते हैं। वह कहते हैं, घाड़ क्षेत्र में जल संकट की बड़ी समस्या है। यमुना नदी जब उफान पर आती है तो कई गांवों के मार्ग बंद हो जाते हैं। इन समस्याओं से निजात दिलाने की कोई ठोस नीति नहीं है। बड़गांव निवासी प्रह्लाद कुमार कहते हैं, सरकारें सोच ही नहीं रही हैं। हिंडन और काली नदी के प्रदूषण से लोग परेशान हैं। खास तौर पर बड़गांव क्षेत्र में पानी इस कदर प्रदूषित है कि क्षेत्र में कई लोगों की मौत तक हो चुकी है। इस समस्या का कोई निदान नहीं ढूंढा गया है। जड़ौदा निवासी मोहम्मद सुलेमान भी ऐसा ही सवाल उठाते हैं। वह कहते हैं कि इन समस्याओं का निदान होना ही चाहिए। तभी तो आमजन का भरोसा बढ़ेगा। गन्ना बड़ा मुद्दाः छह हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बकाया, 90 प्रतिशत से ज्यादा भुगतान का दावा। सहारनपुर मंडल में गन्ना हमेशा बड़ा मुद्दा रहा है। यहां 17 चीनी मिलें हैं। इनमें सहारनपुर की देवबंद, गांगनौली, शेरमऊ, गागलहेड़ी, नानौता, सरसावा हैं। मुजफ्फरनगर की खतौली, तितावी, बुढ़ाना, मंसूरपुर, टिकौला, खाई खेरी, रोहाना, मोरना एवं शामली की थानाभवन, शामली, ऊन चीनी मिलों में किसान अपना गन्ना डालते हैं। गन्ने का समय से बकाया भुगतान न होने के कारण आंदोलन होते ही रहे हैं। मंडल की सभी मिलों पर छह हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बकाया था। हालांकि, 90 प्रतिशत से ज्यादा भुगतान होने के दावे किए जा रहे हैं। शामली निवासी राजन जावला कहते हैं, यह इलाका गन्ना मंत्री सुरेश राणा का है। क्षेत्र होने के कारण यहां शत–प्रतिशत भुगतान पहले ही हो जाना चाहिए था। पर, आलम यह है कि उनके ही क्षेत्र की मिलों पर बकाया है। सियासी प्रयोगशाला में कैराना फॉर्मूला। वर्ष 2017 के चुनाव से ऐन पहले कैराना का पलायन मुद्दा जोर–शोर से प्रदेश भर में गूंजा था। सियासी गलियारों में यह चर्चा आम रही कि इसी फॉर्मूले के दम पर भाजपा ने प्रदेश में सरकार बना ली। हालांकि, इस मुद्दे को उठाने वाले बाबू हुकुम सिंह 2014 में सांसद बन गए थे। वह कैराना से विधायक भी थे। उन्होंने सीट छोड़ी तो पहले उपचुनाव में और फिर 2017 के चुनाव में मृगांका सिंह भाजपा से चुनावी मैदान में उतरीं, पर सपा के नाहिद हसन चुनाव जीत गए। स्थानीय निवासी अशफाक राणा कहते हैं, कैराना के मुद्दे को आज भी हल्के में नहीं लिया जा सकता है। उनकी बात में दम भी लगता है। सीएम योगी आदित्यनाथ का वहां जाना और पलायन के बाद वापस लौटे लोगों से बात करना, उन्हें आश्वस्त करना, इन सबसे यह मुद्दा गरमा तो जरूर ही गया है। जाटलैंड, सिसौली, भाकियू फैक्टर। सहारनपुर में वैसे तो पूरे मंडल में भाकियू का असर है पर मुजफ्फरनगर और शामली की नौ सीटों पर इसका बड़ा प्रभाव है। सिसौली से भाकियू की राजनीति का केंद्र है। वैसे भी भाकियू ने लगभग एक साल से आंदोलन का बिगुल बजा रखा है। कई जगह पर सत्ताधारियों का विरोध भी किया गया। इस इलाके में जाट वोटों की अहम भूमिका होती है। जाटों ने पिछले चुनाव में भाजपा को जमकर सपोर्ट किया था और पूरे मंडल में भाजपा की नैया पार लगा दी थी। इस बार सपा और रालोद का गठबंधन है। माना जा रहा है कि भाजपा को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। दलबदल का भी पड़ेगा असर। कांग्रेस के कद्दावर नेता और प्रियंका गांधी की सलाहकार समिति के सदस्य सहारनपुर के इमरान मसूद इस समय सुर्खियों में हैं। दरअसल उनके सपा में जाने की चर्चा तेज है। हालांकि इमरान कहते हैं कि ऐसा कुछ नहीं है। पर, कहा जा रहा है कि वे कुछ सीटें मांग रहे हैं और सहमति होते ही सपा का दामन थाम सकते हैं। इसके अलावा अन्य नेताओं का भी दूसरे दलों में शामिल होना यहां के चुनावी समीकरणों पर असर डाल सकता है। कांग्रेस के हरेंद्र मलिक एवं उनके बेटे पूर्व विधायक पंकज मलिक सपा का दामन थाम चुके हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक अब्दुल वारिस रालोद में जा चुके हैं। बसपा के पूर्व सांसद कादिर राणा भी सपा में जा चुके हैं। खापों का महत्व व मायावती का फॉर्मूला। खासतौर पर सहारनपुर जिले की सात सीटों पर बसपा हमेशा प्रभाव डालती रही है। दरअसल, इन सीटों पर दलित वोटरों की खासी संख्या है। साथ ही मुस्लिमों की भी अच्छी तादाद है। दलित–मुस्लिम समीकरण यहां किसी की चुनावी नैया पार लगा सकती है। हालांकि इस चुनाव में यह समीकरण बनता नहीं दिख रहा है। दलित वोटर मायावती के साथ नजर आ रहे हैं, तो उतनी ही शिद्दत से मुस्लिम भी सपा के साथ दिख रहे हैं। बसपा प्रमुख मायावती यहां इस फॉर्मूले पर फिर से काम करना चाह रही हैं। भाजपा ने ढहा दिया था देवबंद का दुर्ग। दीनी तालीम के बड़े इदारे दारुल उलूम से देवबंद की विश्व भर में पहचान है। एक दौर ऐसा भी था जब यहां से जारी किए गए फतवे सियासत का मुस्तकबिल तय कर देते थे। पिछले चुनाव में भाजपा ने देवबंद का दुर्ग ढहा दिया। यहां 1952 में कांग्रेस के ठाकुर फूल सिंह, 1957 में निर्दलीय ठाकुर यशपाल सिंह जीते। फिर 1962, 1967 में कांग्रेस के फूल सिंह, 1969 और 1974 में कांग्रेस के महावीर राणा जीते। फिर 1977 में जेएनपी, जबकि 1980, 1985 और 1989 में कांग्रेस के महावीर राणा जीते। 1991 में जनता दल के विरेंद्र ठाकुर, 1993,1996 में भाजपा, 2002 व 2007 में बसपा और 2012 में सपा जीती। 2017 में भाजपा के कुंवर बृजेश सिंह यहां से चुनाव जीत गए। देवबंद का यह महत्व है कि लोकसभा चुनाव 2019 में बसपा सुप्रीमो मायावती, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, रालोद अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह एवं जयंत ने यहीं पर पहली बार मंच साझा किया था। मायावती ने तो मंच से ही मुस्लिमों को आगाह भी कर दिया था। मंशा पूरे पश्चिमी यूपी में संदेश देने की थी, पर बात नहीं बनी और भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की। सीटों का गणितः सहारनपुर (7 सीटें) गंगोह : भाजपा के कीरत सिंह विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब एक लाख, गुर्जर व अनुसूचित जातियां 45–45 हजार, सैनी 25 हजार, ब्राह्मण व जाट 15–15 हजार, कश्यप 12 हजार। नकुड़ : आयुष राज्यमंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी यहां से विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.30 लाख, अनुसूचित जातियां 65 हजार, सैनी 40 हजार, गुर्जर 35 हजार, कश्यप 20 हजार, जाट 10 हजार। रामपुर मनिहारान : भाजपा के देवेंद्र निम विधायक हैं। जातिगत समीकरण : अनुसूचित जातियां करीब 80 हजार, मुस्लिम 70 हजार, गुर्जर 55 हजार, सैनी 20 हजार, कश्यप 18 हजार, जाट 12 हजार। सहारनपुर नगर : सपा के संजय गर्ग विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.70 लाख, वैश्य 50 हजार, अनुसूचित जातियां 30 हजार। वहीं, पंजाबी 1.10 लाख हैं। सहारनपुर देहात : कांग्रेस के मसूद अख्तर विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.30 लाख, अनुसूचित जातियां 80 हजार, क्षत्रिय 14 हजार, ब्राह्मण व कश्यप 10–10 हजार, यादव व सैनी 8–8 हजार। देवबंद : भाजपा के बृजेश सिंह विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.05 लाख, अनुसूचित जातियां 75 हजार, गुर्जर व क्षत्रिय 35–35 हजार। बेहट : कांग्रेस के नरेश सैनी विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.50 लाख, अनुसूचित जातियां 65 हजार, सैनी 35 हजार, ठाकुर 15 हजार, कश्यप 10 हजार। मुजफ्फरनगर (6 सीटें)। बुढ़ाना : भाजपा के उमेश मलिक विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.45 लाख, जाट 75 हजार, अनुसूचित जातियां 40 हजार, क्षत्रिय 20 हजार, कश्यप, सैनी व त्यागी 15–15 हजार, वैश्य 5 हजार। चरथावल : भाजपा से स्व. विजय कश्यप जीते थे। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.25 लाख, अनुसूचित जातियां 60 हजार, जाट 40 हजार, कश्यप 30 हजार, क्षत्रिय 25 हजार, ब्राह्मण व त्यागी 12 हजार, सैनी 10 हजार। पुरकाजी : भाजपा के प्रमोद ऊटवाल विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.10 लाख, अनुसूचित जातियां 85 हजार, जाट 30 हजार, ब्राह्मण व त्यागी 30 हजार, गुर्जर 20 हजार, वैश्य, सैनी, कश्यप 5–5 हजार। मीरापुर : भाजपा के अवतार भड़ाना विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.10 लाख, अनुसूचित जातियां 60 हजार, जाट 35 हजार, गुर्जर 30 हजार, पाल 15 हजार, कश्यप 10 हजार, सैनी, ब्राह्मण–त्यागी 5–5 हजार। खतौली : भाजपा के विक्रम सैनी विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 90 हजार, अनुसूचित जातियां 50 हजार, सैनी 35 हजार, जाट 30 हजार, क्षत्रिय 25 हजार, गुर्जर 25 हजार, ब्राह्मण व त्यागी 8 हजार, कश्यप 8 हजार, वैश्य 5 हजार। मुजफ्फरनगर : भाजपा के कपिल देव अग्रवाल विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.30 लाख, वैश्य 70 हजार, जाट, पाल व अनुसूचित जातियां 20–20 हजार, ब्राह्मण व त्यागी 20 हजार। इनके अलावा करीब 30 हजार पंजाबी भी हैं। शामली (3 सीटें) कैराना : सपा के नाहिद हसन विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.37 लाख, कश्यप 40 हजार, गुर्जर 26 हजार, जाट 19 हजार, सैनी 12 हजार, जाटव 10 हजार, नाई व बढई 10 हजार, ब्राह्मण 8 हजार। शामली : भाजपा के तेजेंद्र निर्वाल विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 70 हजार, जाट 68 हजार, जाटव 44 हजार, वैश्य 38 हजार, कश्यप 25 हजार, ब्राह्मण 22 हजार, गुर्जर 21 हजार। थानाभवन : कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा यहां से विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.06 लाख, जाट 52 हजार, जाटव 45 हजार, कश्यप 35 हजार, सैनी 25 हजार, क्षत्रिय 18 हजार, ब्राह्मण 15 हजार, नाई, बढ़ई एवं जोगी 15 हजार।

## कोतवाली नगर क्षेत्र में चिकित्सक के घर हुई चोरी का सीओ सिटी पलाश बंसल ने किया खुलासा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में एक चिकित्सक के घर हुए चोरी का खुलासा सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सिटी पलाश बंसल ने महज 24 घंटे के अंदर खुलाशा करके सराहनीय कार्य किया।इस संबंध में उन्होंने बताया कि शैलेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद–अयोध्या द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एवं पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह के निर्देशन व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर पलाश बंसल के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर देवेन्द्र सिंह द्वारा इस चोरी के घटना का खुलाशा हुआ।उन्होने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर द्वारा गठित टीम में उ0नि0 आशीष चन्द्र त्रिपाठी प्रभारी चौकी चौक,उ0नि0 अविनाश प्रताप सिंह प्रभारी चौकी साहबगंज,उ0नि0 अमित कुमार सिंह प्रभारी चौकी जेल,हे0कां0 जितेन्द्र बहादुर सरोज शामिल रहे।इस घटना का खुलाशा करते हुये सीओ सिटी ने बताया कि थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या में चोरी गये माल व इसमें शामिल आरोपी सोनू प्रजापति उर्फ बाली पुत्र स्व0 काशीराम प्रजापति निवासी म0नं0 2/17/42 मिर्जा अली बाजार थाना कैण्ट जनपद अयोध्या को गुदडी बाजार खवासपुरा के पास से गिरफ्तार किया गया।वही आरोपी के निशानदेही पर उपरोक्त मुकदमें में चोरी गये माल की बरामदगी कर मुकदमा उपरोक्त में अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।वही आरोपी को गिरफ्तार करने वाले




पुलिस कर्मियो में निरीक्षक देवेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या, उ0नि0 आशीष चन्द्र त्रिपाठी प्रभारी चौकी चौक थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या, उ0नि0 अमित सिंह चौकी प्रभारी जेल थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,उ0नि0 श्री अविनाश प्रताप सिंह चौकी प्रभारी साहबगंज थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,हे0का0 जितेंद्र बहादुर सरोज थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या, हे0कां0 हेमन्त सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,का0 विश्व दीपक तिवारी थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,कां0 चन्द्रभान यादव सर्विलांस सेल जनपद अयोध्या,कां0 धर्मेन्द्र कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या और कां0 राधेश्याम थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या शामिल रहे।

## सशक्त सेना झण्डा दिवस सशस्त्र, सेनाओं के प्रति कृतज्ञता, सम्मान और एक जुटता प्रकट करने का है अवसर –जिलाधिकारी

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि सशक्त सेना झण्डा दिवस प्रतिवर्ष 7 दिसम्बर को पूरे देश में मनाया जाता है।यह दिन देश के नागरिकों द्वारा हमारी सशस्त्र, सेनाओं के प्रति कृतज्ञता, सम्मान और एक जुटता प्रकट करने का अवसर है।जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले0 कर्नल संजीव कुमार ने जनपद के समस्त नागरिकों से स्वेच्छा से सशस्त्र सेना झण्डा निधि में उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग करने की अपील की है। झण्डा निधि में दान की गयी राशि पूरी तरह आयकर से मुक्त है। इस दिन प्रतीक ध्वज चिन्ह विभिन्न कार्यालयों, संस्थाओं तथा आम नागरिकों को वितरित कर उनसे धनराशि का योगदान लिया जाता है। नागरिकों की सुविधा हेतु आनलाइन डोनेशन की व्यवस्था केन्द्रीय सैनिक बोर्ड तथा राज्य सैनिक बोर्ड के वेबसाइड www.ksb.gov.in तथा -upsnlko.gov.in पर उपलब्ध है।

## एमएससी नहीं तो आंदोलन जारी रहेगाः डॉ योगेंद्र यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जय किसान आंदोलन के संरक्षक डॉ योगेंद्र यादव ने सिंधु बॉर्डर पर महत्वपूर्ण बैठक होने के कारण लाइव प्रसारण के जरिए किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि एमएससी नहीं तो आंदोलन जारी रहेगा। किसान देश की नींव है। उन्होंने कहा कि किसानों को पहली बार लिखित जवाब सरकार ने दिया है। संयुक्त किसान मोर्चा उस पर चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता है।किसान जब तक एकजुट रहेंगे। सरकारों को उनके सामने झुकना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में किसानों का उत्पीड़न बढा है। एक वर्ष बाद सरकार ने किसानों को समझा और तीनों किसी कानून वापस लिया। लेकिन उनके खून पसीने की कमाई पर कीमत देने को से कतरा रही है। सरकार वार्ता करें और किसान आंदोलन में मारे गए किसानों को उचित मुआवजा दे। किसान आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आविक शाहा ने कहा कि कानून वापसी के बाद अब हमें सजग रहना होगा। सरकार चुनाव के जैसे मौके पर फिर से कानून वापस लिया है, तो वह वोट की राजनीति करना चाहती है। जबकि किसान मेहनत की कमाई मांग कर रहा है। किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों की मांगें नहीं पूरी की जाएंगी तो संघर्ष लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर दीपक लांबा ,पुष्पेंद्र सिंह, अमित कुमार ,राजू यादव ,अर्चना श्रीवास्तव ने किसानों



को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार चाहे तो बातचीत से सभी हल निकाले जा सकते हैं लेकिन सरकार किसानों की हित नहीं चाह रही है। सरकार को चाहिए किसानों के साथ अन्याय न करें। किसान आंदोलन के जिलाध्यक्ष अश्वनी यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आविक साहा को हल भेंट कर सम्मानित किया और कहां की किसानों के खून पसीने की कमाई अदा करें। इस अवसर पर लालचन्द्र यादव लाले, रामजनम, संजय कुमार, नीरज कुमार , साहबलाल, रितेश, संजय कुमार समर बहादुर, घनश्याम सिंह ,राजकुमार यादव, सभाजीत बिल्ला मौजूद रहे।

## अटेवा जौनपुर ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए लिया संकल्प

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष करते हुए अपनी जान गवाने वाले डा राम आशीष सिंह को अटेवा जौनपुर ने नम आँखों से याद कर संकल्प दिवस के रूप में मनाया। अटेवा जौनपुर के जिला कार्यक्रम प्रभारी इंदु प्रकाश यादव ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज संकल्प दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है और इसके लिए संघर्ष जारी रहेगा। जिला महामन्त्री संदीप कुमार चौधरी ने डा राम आशीष सिंह को याद करते हुए सभी साथियों के साथ संकल्प को दोहराया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष जारी रहेगा। जिला संयोजक चंदन सिंह ने संकल्प दिवस पर अपील किया कि सभी साथी डटे रहे–– खड़े रहे अटेवा के संग चलते रहें। पुरानी पेंशन एक न एक दिन जरूर बहाल होगी। युवाओं का साथ और अटेवा का संघर्ष जीत के मुकाम तक ले जायेगा । सभी साथियों ने पेंशन संकल्प दिवस पर श्रद्धाजलि सभा मे शामिल होकर करके शहीद




डा० राम आशीष सिंह को याद करते हुए संकल्प लिया कि बिना पुरानी पेंशन बहाल कराये रुकेगे नही – डिगेगे नही। कार्यक्रम में सदस्य जिला कार्यकारिणी जगदीश यादव , संगठन मंत्री संदीप यादव, टी एन यादव, डॉ रजी अहमद, डॉ हरेकृष्ण सिंह , लालचंद यादव, शैलेन्द्र सिंह , कमलेश कुमार , विवेक यादव , संदीप सिंह , संजय मौर्य, रोहित यादव , संदीप यादव, सहित तमाम शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समाज को एकता के सूत्र में पिरोती है समरसता : कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में सोमवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका विषय सामाजिक समरसता एवं सद्भाव है। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव के तहत मनाया जा रहा है। इस अवसर पर संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि बाबा साहेब का संघर्ष ही संविधान में उतारा गया है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान सामाजिक समरसता एवं सद्भाव को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि समरसता हमारी संस्कृति का मूल आधार है यह सभी धर्मों, विचारों और समाज को एकता के सूत्र में पिरोती है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री घनश्याम शाही ने कहा कि हम जिस क्षेत्र में भी रहे वहां समरसता का भाव स्थापित करें। उन्होंने कहा कि भेदभाव अंधेरे के समान है। इसे ज्ञानरूपी दीया जलाकर ही दूर किया जा सकता। यह काम विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी ही कर सकते हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि समाज और समरसता एक दूसरे से




जुड़े हैं। हम जब एक दूसरे समाज के महापुरुषों को नहीं जानेंगे तो बताएंगे कैसे? उन्होंने कहा कि देश के विकास और अखंडता के लिए सामाजिक समरसता बहुत जरूरी है। संगोष्ठी का संचालन उद्देश्य सिंह और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ मनोज पांडेय ने किया। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो.वंदना राय, प्रो. रामनारायण, प्रो.अजय द्विवेदी, प्रो.बीडी शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, डॉ.प्रदीप कुमार, डा.मनीष गुप्ता, डॉ रसिकेश. गिरधर मिश्र, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ.सुशील कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमित वत्स, शंडॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ.अमरेंद्र सिंह, डॉ.नीतेश जायसवाल, डॉ.अनुराग मिश्र, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. आलोक दास आदि लोग उपस्थित थे।

## भाजपा द्वारा परशुरामपुर मण्डल में तिरंगा यात्रा निकाल डा0 भीमराव आबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको किया गया नमन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी द्वारा परशुरामपुर मण्डल में तिरंगा यात्रा निकाली गई एवं डा0 भीमराव आबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया। भारतीय जनता पार्टी मण्डल अध्यक्ष परशुरामपुर जितेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा का समापन करते हुए पुर्व जिला अध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने कहा कि लाखों भारतवासियों ने अपने प्राणों की आहुति दी तब जाकर हमे यह स्वतंत्रता प्राप्त हुई। उन वीर शहीदों ने विदेशी ताकतों पर विजय पाने के साथ ही देश का सर्वांगीण विकास और राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर एक मजबूत राष्ट्र की परिकल्पना थी। हमारे महान बलिदानियों के बलिदान से हमें विदेशी ताकतों से स्वतंत्रता तो मिल गई, परन्तु स्वतंत्र भारत की शुरुआती सरकारें देश को ऐसी दिशा देने में विफल रही, जिससे कि एक मजबूत व आत्मनिर्भर भारत बन पाता। देश में जाति व धर्म के नाम पर जहर घोला गया जिससे कि अपनी सत्ता बचाई जा सके। मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि पिछले सात वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार स्वतंत्रता आंदोलन के हमारे महानायकों के सपनो का भारत के निर्माण में लगी है और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जाती, धर्म की राजनीति को नकार कर सबका साथ, सबका विकास और सबका



विश्वास की नीति पर चलकर देश का सर्वांगीण विकास किया है। आज भारत की गिनती दुनिया के मजबूत राष्ट्रों में होने लगी है व दुनिया जानती है कि ये नया भारत है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। पिछले सात वर्ष में भ्रष्टाचार का खात्मा हुआ है, देश के सेना मजबूत हुई और देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से शैलेंद्र, अरूण उपाध्याय, ओम प्रकाश, शिवशंकर, धर्मेन्द्र दत्त उपाध्याय, अशोक सिंह , शेलेंद्र , घनश्याम यादव , पवन , लक्ष्मी शंकर , अशीष सिंह आशू , गुड्डू सिंह , दीपक , अनील, मण्डल मीडिया प्रभारी दिग्विजय सिंह, आईटी के संतोष द्विवेदी व भाजपा के अन्य गण मान्य जन उपस्थित रहें कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## थाना चन्दवक पुलिस द्वारा अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर महोदय के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में मादक पदार्थो के बरामदगी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए दिनांक 06.12.2021 को थानाध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना चन्दवक पुलिस द्वारा आबकारी निरीक्षण दिनेश कुमार मय टीम के साथ कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभि0 धर्मेन्द्र यादव पुत्र लालचन्द यादव निवासी भिदुर भदवा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को एक प्लास्टिक के जरिकेन में 10 लीटर अवैद्य शराब के साथ गोमती पुराना पुल चन्दवक से गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में मु0अ0सं0 279/21 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना चन्दवक जौनपुर अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तदृ 1. धर्मेन्द्र यादव पुत्र लालचन्द यादव निवासी भिदुर भदवा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –1– उ0नि0 श्री सुदामा प्रसाद थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर। 2– हे0का0 दिनेश सिंह थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर। 3– का0 राहुल यादव थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर। 4– आबकारी निरीक्षण दिनेश कुमार क्षेत्र –4 केराकत मय टीम।

# थाना खेतासराय पुलिस ने नाजायज शराब के साथ 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोक थाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर के कुशल दिशा निर्देशन व पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय थाना खेतासराय मय हमराह पुलिस बल द्वारा दिनांक 06.12.2021 की रात्रि मे देखभाल क्षेत्र व सघन चेकिंग के दौरान मुखबीर खास की सूचना पर सोंगर ईट भट्ठे के पास से अभियक्त 1. मलीराम पुत्र श्री मातवा निवासी ग्राम जलकीपानी थाना चुरा जिला गरियाबाद राज्य छतीसगढ़ 2. रूपधर माझी पुत्र मनीराम निवासी ग्राम कांकीरमंजी थाना नापड़ा जिला नापड़ा राज्य उड़िसा को नाजायज शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 20 लीटर नाजायज शराब बरामद किया गया। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 176/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. मलीराम पुत्र श्री मातवा निवासी ग्राम




जलकीपानी थाना चुरा जिला गरियाबंद राज्य छतीसगढ़। 2. रूपधर माझी पुत्र मनीराम निवासी ग्राम कांकीरमंजी थाना नापड़ा जिला नापड़ा राज्य उड़िसा। बरामदगी का विवरण– 20 लीटर नाजायज शराब। गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य – 1. SO श्रीप्रकाश राय थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 राकेश कुमार सिंह थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 3. का0 दिनेश यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 4. का0 राजकुमार यादव यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

## 11 विभूतियों को एलपीएस एक्सीलेंस अवार्ड

आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कॉलेज, बी– ब्लॉक, राजाजीपुरम के नवनिर्मित प्रेक्षागृह – " एसपी लाइसिएम "का उद्घाटन उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। तत्पश्चात उसी प्रेक्षागृह में लखनऊ पब्लिक चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एलपीएस एक्सीलेंस अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 लोगों को एलपीएस एक्सीलेंस अवार्ड, प्रशस्ति पत्र, शाल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया, जिनके नाम इस प्रकार हैं– आई एफ एस अधिकारी पीयूष वर्मा, अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार चौधरी, डॉ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर अलका सिंह, वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ अनिल रस्तोगी, आर्किटेक्ट अशोक कुमार, समाजसेवी निर्मल पांडे ( रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष) , केजीएमयू ट्रामा सेंटर के सीएमओ डॉ धीरेंद्र कुमार पटेल, वरिष्ठ मीडिया कर्मी बृजेश शुक्ला , एसीपी विजय राज सिंह ,कलाकार भूपेंद्र कुमार अस्थाना एवं टेनिस खिलाड़ी सासा कटियार। एलपीएस संस्थापक प्रबंधक डॉ एस पी सिंह ,एम डी सुशील कुमार ,पूर्व एमएलसी कांति सिंह ,निदेशक नेहा सिंह ,गरिमा सिंह ,हर्षित सिंह एवं शिखर पाल सिंह ने सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर एलपीएस की सभी शाखाओं की प्रिंसिपल व शिक्षक उपस्थित रहे।

## सरकार द्वारा सही फैसला न लेने पर आकस्मिक व पोस्टमार्टम सेवाएं होगी बंद :उपेंद्र सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन 3050 के आवाहन पर अपनी 20 सूत्रीय मांगो के सम्बंध में आज दूसरे दिन सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए काला फीता बाधकर विरोध जताते हुए अपना कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बतायाकि यह कार्यक्रम 8–12–2021 तक



चलेगा। इसके बाद भी यदि सरकार हमारी मागों के विषय में कोई सार्थक निर्णय नहीं लेती तो 9.12.21 से 16.12.21 तक प्रत्येक दिवस दो घंटे कार्य बहिष्कार किया जायेगा। इसके बाद भी यदि कोई निर्णय सरकार द्वारा नहीं किया जाता तो दिनांक 17.12.21 से 13.12.21 तक पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जायेगा। जिसमें आकामिक सेवाये जारी रहेगी , फिर भी फार्मासिस्ट के समर्थन में सरकार द्वारा सही निर्णय न लिया गया तो दिनांक 20.12.21 से सभी फार्मासिस्ट अनिश्चित काल के लिए हड़ताड़ पर चले जायेगे जिसमे आकस्मिक सेवाये व पोस्ट मार्टम भी बन्द रहेंगे।

## कोतवाली में तैनात होमगार्ड की दबंगई : पीड़ित को मारकर तोड़ा दांत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिसिया रौब दिखाकर ग्रामीणों की जमीन पर कब्जा करना सेनापुर गॉव के एक होमगार्ड ने ग्रामीणों की नाक में दम कर रखा है!पुलिस की शह पर वह कई लोगो की जमीन पर कब्जा कर रखा है! बता दे कि केराकत थाना के सरकी



चौकी अंतर्गत सेनापुर गॉव में सोमवार की सुबह रामअवध पुत्र सतीराम अपने जमीन पर शौचालय निर्माण करा रहा था तभी हरिशचन्द पुत्र अलगू राम आकर काम को रोक दिया इसी बीच अलगू पुत्र सगन्धु व राजेश पुत्र अलगू आकर लाठी डंडे से मारपीट करने लगे!पीड़ित ने बताया कि हरिश्चंद ने मेरे मुह पर हाथो से मारने लगा और मेरा दांत टूटकर जमीन पर गिर गया!चीखने चिल्लाने पर आस पास के लोग पहुँचे तब जाकर मेरी जान बच पाई ! पीड़ित ने बताया कि मुझे धमकी दी है कि अगर तुम थाने जाओगे तो तुम्हे जान से मार देंगे!पीड़ित थाने में पहुँच होमगार्ड के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

# पशु तस्कर हुआ गिरफ्तार



जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के पर्यवेक्षण में जनपद में चलाये जा रहे अपराध एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों /वाछित अपराधियो के विरुद्ध अभियान के तहत बुधवार को उ0नि0 सुरेन्द्र नाथ सिंह और का0 अनुज शुक्ला का0 मूचकुन्द ने मिलकर मुखबिर की खास सूचना पर पशु तस्कर अभियुक्त मो0 सैफ पुत्र मो0 कुद्दुस निवासी लपरी थाना सरायख्वाजा जौनपुर तथा मो0 अरबाज पुत्र मो0 आनीश निवासी लपरी थाना सरायख्वाजा जौनपुर को रंगे हाथो ढाला वाहन मे लादकर दो अदद गो वंश वध करने के उद्देश्य से ले जाते वक्त पोटरिया पुल से कब्जे मे ले लिया गया। थाना प्रभारी देवानंद ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर गोवध के अनुरूप विभिन्न धाराओं में सराय ख्वाजा थाने में मुकदमा दर्ज है इन्हें गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय समक्ष भेजा जा रहा है।

## सिटी ग्रुप आफ कॉलेज में अभिनंदन समारोह सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। तिवारीगंज स्थित सिटी ग्रुप ऑफ कॉलेज में शिक्षा शास्त्र संकाय का अभिनंदन समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें बीएड, एमएड और बीएलएड के मेधावियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य के कुलानुशासक डॉ दिनेश कुमार उपस्थित रहे । कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि महोदय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बीएड की शिक्षा आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह क्षेत्र आज भी रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध कराने की दृष्टि से सर्वोत्तम है। कार्यक्रम में प्राचार्या मीता शाह ने भी अपने आशीर्वचनों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक– शिक्षिकाओं कर्मचारी समेत अनेक छात्र – छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शिक्षा शास्त्र विभाग की प्रमुख डॉक्टर ममता श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर किया।

# थाना चन्दवक पुलिस चोरी का अनावरण करते हुए एक चोर को किया गिरफ्तार : सामान बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 श्री संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में तलाश वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 07.12.2021 को थानाध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0 263/21 धारा 457/380/411 भादवि से सम्बन्धित अभि0 मुस्ताक अहमद पुत्र सुहेल अहमद निवासी महिमापुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर हालपता अइलिया थाना चन्दवक जौनपुर को चोरी गये किराना सामान के साथ हिसामपुर रोड़ खुज्झी मोड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तदृ 1. मुस्ताक अहमद पुत्र सुहेल अहमद निवासी महिमापुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर हालपता अइलिया थाना चन्दवक जौनपुर। बरामदगी– किराना का सामान {. राजेश मशाला 50 पाउच , 2. टेढे–मेढे 5 पैकेट , 3.लूडो पप्स (कुरकुरे) 15 पैकेट, 4.चीनी 5 किलो सफेद पालिथीन में , 5.ब्रिटानिया टोस्ट 2 पैकेट , 6.नहाने का साबून (ग्लोरी कम्पनी 8 अदद) , घड़ी साबून कपड़ा धोने का 20 अदद , 8.नहाने का साबुन (गोदरेज कम्पनी) 8 अदद , 9.बिस्कुट 20–20 एक पैकेट जिसमें 12 अदद कुल है 10–



पतंजली सैम्पू 22 पाउच , 11.शैम्पू पेंटिन 6 पाउच , 12.सैम्पू क्लीनिक प्लस 13 पाउच 13.सैम्पू सन्सिल्क 18 पाउच , 14.नमक अंकुर कम्पनी 8 पैकेट पर पैकेट 500 ग्राम , 15.वाशिंग पाउडर विदेशिया 5 पैकेट प्रति पैकेट 1 किलो ग्राम , 16. रिफाइन तेल बैल कोल्हू 2 लीटर 17.सरसो तेल बाबूजी एंव चक्र कम्पनी प्रत्येक बोतल एक लीटर} कुल कीमत लगभग तीन हजार रुपये। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम – 1– उ0नि0 श्री जितेन्द्र बहादुर सिंह चौकी प्रभारी–बजरंग नगर, थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर। 2– हे0का0 श्रीराम तिवारी, थाना चन्दवक, जनपद–जौनपुर। 3– का0 संदीप यादव, थाना चन्दवक, जनपद–जौनपुर।

## फरार चल रहे वारण्टी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय के निर्देश पर व अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के पर्यवेक्षण में जनपद में चलाये जा रहे वाछिंत अभियुक्त पुरस्कार घोषित व एनबीडब्लू अभियुक्त के गिरफ्तारी अभियान के तहत की गयी कार्यवाही के तहत उ0नि0 सुरेन्द्र नाथ सिंह का0 विनोद प्रजापति के द्वारा वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु ग्राम हसनपुर व लपरी मे दबिश दिया गया वारण्टी सभा राज पुत्र बलदेव निवासी हसनपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 2240/15 धारा 147/ 323/ 325/ 352/ 504/ 506 भादवि को 7.12.2021 को समय 04.10 बजे गिरफ्तारी की किया गया तथा वारण्टी अनिल कुमार यादव पुत्र विरेन्द्र यादव निवासी लपरी थाना सरायख्वाजा जौनपुर सम्बन्धित धारा 107/116 सीआरपीसी को मंगलवार सुबह



समय 5.10 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कोरोना वैक्सीनेशन के संदर्भ में बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में कोरोना वैक्सीनेशन के संदर्भ में बैठक की गई जिसके अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि कोरॉना टीकाकरण के कार्य में खराब प्रगति वाले विकास खंड 03 दिन के अंदर अपनी स्थिति में सुधार लाये और 31 दिसंबर 2021 तक सभी विकास खंड कॉरोना टीकाकरण का प्रथम डोज की उपलब्धि 90: तक कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा जो लोग प्रथम डोज का टीकाकरण करा चुके है, समय पर सेकंड डोज लगवा कर शत–प्रतिशत टीकाकरण कराने में सहयोग करे। जिलाधिकारी द्वारा सभी विकासखंड अधिकारियों, सप्लाई स्पेक्टर और सी.डी.पी.ओ. को जिम्मेदारी सौंपते हुए यह कहा गया कि कोविड–19 वैक्सीनेशन को शत–प्रतिशत सुनिश्चित करते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने जिला पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्र में कोविड टीकाकरण टीम को वाहन उपलब्ध कराएं जिससे ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण करते हुए अधिक से अधिक टीकाकरण किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू राजस्व रजनीश राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी लक्ष्मी सिंह,सभी विकास खंड के अधिकारीगण, जिला स्तरीय अधिकारी, सभी एम. ओ.आई.सी. प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में लेखपालों व अन्य अधिकारियों साथ बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा सायं कलेक्ट्रेट सभागार में मछलीशहर, मड़ियाहूं के लेखपालों व अन्य अधिकारियों साथ बैठक की गई। घरौंदी पड़ताल कार्य मे लापरवाही बरतने के कारण जिलाधिकारी ने मड़ियाहूं के तहसीलदार को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए निर्देश दिया कि 02 दिन के भीतर कार्य पूर्ण करा लिया जाए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू राजस्व रजनीश राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी नें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी जलालपुर का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी जलालपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधीक्षक को साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया और सभी आशा , आशा संगिनी तथा कर्मचारियों के साथ बैठक किया। उनके द्वारा कोरोना टीकाकरण की गहन समीक्षा की और निर्देशित किया कि कोरोना से बचाव के लिए शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए। डाक्टर.लक्ष्मी सिंह द्वारा कार्य नहीं करने वाले कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देने का निर्देश अधीक्षक को दिया और निर्देशित किया कि कोरोना प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कराया जाय। इस अवसर पर डॉ मनोज सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# पेंशन शहीद डां राम आशीष सिंह को शिक्षक एवं कर्मचारी ने दिया श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के ग्राम विकास इण्टर कॉलेज खुटहन में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के आह्वान पर शहीद हुए डॉ0 राम आशीष सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों ने यह निर्णय लिया कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती तब तक हमारा संघर्ष लगातार जारी रहेगा।इस दौरान जिलाध्यक्ष विनय वर्मा ने कहां की पुरानी पेंशन बुढ़ापे की लाठी है जब शिक्षक और कर्मचारी 60 से 62 साल की उम्र में रिटायर हो जाता है तो पुरानी पेंशन उसके बुढ़ापे की सहारा होती है। जिसे विगत उत्तर प्रदेश की सरकारों ने 1 अप्रैल 2005 से छीन रखा है जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती तब तक हम सभी डॉक्टर साहब की शहादत को भूल नहीं सकते इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने डॉ राम आशीष सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिनमें राम अकबाल यादव,ईश्वर देव यादव, अरविंद कुमार यादव, लालजी यादव प्रमोद शर्मा,रामसूरत मौर्य,



दीपचंद्र, ओम प्रकाश वर्मा, देवेंद्र प्रजापति, वीरेंद्र मिश्र, अमृत लाल यादव,लाल बिहारी यादव, लाल बहादुर यादव,अमित मिश्रा, ओम प्रकाश यादव,सुनील कुमार, फते बहादुर यादव, कुसुम यादव, पूनम मौर्य,सपना सिंह,मैन बहादुर सिंह, सतेंन्द्र सिंह आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# रामनगरी में हो रहे राम–मंदिर के निर्माण से यहां का पर्यटन बढ़ेगा : हर घर में आएगी खुशहाली

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 से 6 दिसंबर 2021 अब वर्ष गिनने की जरूरत नहीं है।अब अयोध्या को निरंतर विकास की आवश्यकता है।न काला दिवस की जरूरत है और ना ही किसी तरीके की शौर्य दिवस की जरूरत है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है उससे अयोध्या का पर्यटन विकास होगा तो हर घर खुशहाली आएगी। यह बात बाबरी मस्जिद के पक्ष कार मरहूम हाशिम अंसारी के बेटे बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी का कहना है। इकबाल अंसारी अपने मरहूम पिता हाशिम अंसारी के साथ बाबरी मस्जिद मुकदमे की पैरवी करते रहे हैं। एक ही रिक्शे से जाते थे पैरवी करने, इकबाल अंसारी का कहना है कि हमने वह दौर भी देखा है जब राम जन्मभूमि न्यास के पहले अध्यक्ष दिवंगत संत रामचंद्र दास परमहंस मुकदमे की पैरवी करने के लिए हाशिम अंसारी के साथ एक ही रिक्शे से कचहरी जाया करते थे। आज भी इकबाल अंसारी का अयोध्या के साधु संतों के साथ बहुत अच्छा संबंध है इकबाल अंसारी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब किसी भी तरीके के योमे गम जैसे कोई कार्यक्रम वह नहीं आयोजित करते हैं। सुप्रीम कोर्ट का फैसला सभी को सर्वमान्य हैं और वह चाहते हैं कि जल्दी से जल्दी राम मंदिर का निर्माण हो और श्री राम अपनी मूल गर्भ गृह में विराजमान हों। इकबाल अंसारी देश और दुनिया को कहना चाहते हैं क्यों सभी लोग एक दूसरे के धर्म का सम्मान करें और भारत देश की प्रगति के सहयोगी बने। नहीं है भाषण की जरूरत, विश्व हिंदू परिषद के मीडिया प्रवक्ता शरद शर्मा का कहना है अब किसी भी तरीके के कार्यक्रम की जरूरत नहीं है, और न ही भाषण देने की जरूरत है। राम मंदिर निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सभी ने सम्मान किया है। किसी तरीके के शौर्य दिवस और भाषण बाजी अब वक्त नहीं हैं। बहुत हो तो लोग अपने घरों और मंदिरों के बाहर दीपक जलाएं लेकिन किसी तरीके की भाषण बाजी मत करें। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का कहना है की अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद नाही शौर्य दिवस की जरूरत है और ना ही योमें गम को मनाना चाहिए।अब सिर्फ सद्भावना की बात होनी चाहिए।

# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 66 वे परिनिर्वाण दिवस पर समाजवादी पार्टी ने दी श्रद्धांजलि

अयोध्या। (डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 66 वे परिनिर्वाण दिवस पर समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई उक्त अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से जो समानता और भाईचारे की व्यवस्था की थी आज व भाजपाई शासनकाल में खतरे में पड़ गया है एक भाजपा सांसद ने संसद में संशोधन प्रस्ताव लाकर साबित कर दिया है कि भाजपा को संविधान की आत्मा से तकलीफ होती है और वह धर्म निरपेक्षता समाजवाद समानता की पक्षधर नहीं है श्री यादव ने कहा की आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव डॉक्टर लोहिया डॉक्टर अंबेडकर दोनों के विचारों से समानता संपन्नता भाईचारे की मुहिम को आगे बढ़ाने में लगे हैं जिसका समाज में सकारात्मक असर दिख रहा है पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जो कल्पना की थी उसी को देन है आज अगड़े पिछड़े ऊंच–नीच सभी में भेदभाव मिटा है हम सभी डॉक्टर अंबेडकर की प्रेरणा से समाजवाद को आगे बढ़ाते हुए उनकी परिकल्पना को पूरी करने के लिए 2022 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बना कर उनके सपनों को साकार करना है सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 66 वे परिनिर्वाण दिवस पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा विचार गोष्ठी में उनकी बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल बाबूराम गौड प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव महानगर महासचिव हामिद जफर मीसम वरिष्ठ नेता छोटे लाल यादव पूर्व प्रमुख राम अचल यादव ओपी पासवान श्री चंद्र यादव प्रताप जायसवाल अंसार अहमद बब्बन डॉ घनश्याम यादव जगन्नाथ यादव उमेश यादव राम रूप कोरी मुस्कान सावलानी अपर्णा जायसवाल मोहम्मद इश्तियाक खान रमेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी ने चुनाव की तैयारी के संदर्भ में की समीक्षा बैठक

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी की बैठक महानगर पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हमीद जाफर मीसम ने किया।इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा प्रदेश में धर्म और जाति के नाम पर नफरत फैलाने का काम कर रही है।आज प्रदेश की सरकार इतनी तानाशाह हो गई है कि वह लोगों को फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेज रही है।प्रदेश की जनता करोना कॉल को कभी नहीं भूल सकती महंगाई अपने चरम सीमा पर है व्यापारी भारतीय जनता पार्टी के जुल्म अत्याचार से बहुत परेशान है, जनता इसका जवाब आने वाले 2022 के चुनाव में प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार बना कर देगी ,महानगर अध्यक्ष ने कहा अबकी बार जनता इनके बहकावे में नहीं आएगी आज नौजवान किसान मजदूर सभी परेशान हैं और आने वाले चुनाव में समाजवादी पार्टी द्वारा कराए विकास के नाम जनता का आशीर्वाद मांगेगी, महानगर प्रवक्ता रोशन यादव ने बताया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामिद जाफर मीसम उपाध्यक्ष श्री चंद यादव मोहम्मद हलीम पप्पू, मनोज जायसवाल, हाजी असद, राम अचल यादव, मोहम्मद सोहेल, विनोद कनौजिया, नरेश अग्रवाल शक्ति जयसवाल फ्रंटल महानगर अध्यक्ष राम विद्याभूषण पासी, सरोज यादव, अपर्णा जसवाल, मुस्कान सावलानी, निशात अख्तर, आसिफ चांद, असलम पठान, राशिद सलीम घोसी, नागेश्वर कोरी, नंदू गुप्ता, मुफीद कुरेशी, उमा देवी, पार्षद गण फरीद कुरैशी , रिजवान हसनैन, महेंद्र शुक्ला, बरौनी पासवान जगत नारायण, नौशाद राईन, शाहबाज लकी, देवा श्रीवास्तव, आकिब खान, इश्तियाक खान, राम भजन यादव, विजय यादव, इत्यादि लोग मौजूद थे।

# हिन्दू महासभा ने लड्डू गोपाल का जलाभिषेक करने के साथ ही लिया श्री कृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराने का संकल्प

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) उत्तर प्रदेश सरकार की रोक के बाद अखिल भारत हिन्दू महासभा ने आज अयोध्या सहित पूरे प्रदेश में स्थित पार्टी कार्यालयों में लड्डू गोपाल का जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित कर श्रीकृष्ण जन्म भूमि को मुगल आक्रांताओं के शाही ईदगाह मस्जिद से मुक्त कराने का संकल्प लिया। आज जारी बयान में यह जानकारी अयोध्या जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश सलाहकार अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने दी।ककरही बाजार स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में तय कार्यक्रम के अनुसार अपरान्ह बारह बजे से लड्डू गोपाल का जलाभिषेक कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ, जिसमें हिन्दू महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष बबिता यादव , जिलाध्यक्ष महिला सभा रजनी सिंह, जिला उपाध्यक्ष महिला सभा रेनू सिंह, जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी, जिला संगठन मंत्री हेमंत निषाद, जिला मंत्री राहुल निषाद फौजी, महानगर अध्यक्ष मुकेश निषाद 'रेड्डी', जिला मंत्री उमेश प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष एड0 कौशलेंद्र सोलंकी, सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।पंडित जी के मंत्रोचारण के साथ प्रारम्भ हुये जलाभिषेक कार्यक्रम में सभी लोगों ने दूध,दही,शहद से अभिषेक किया और एक स्वर में संकल्प लेते हुये श्रीकृष्ण जन्मभूमि से शाही ईदगाह मस्जिद के रूप में अतिक्रमण से मुक्त कराने का संकल्प लिया।जिलाध्यक्ष राकेश दत्त मिश्र ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मस्जिद से मुक्त कराने के लिये शुरू हुआ यह आन्दोलन अब थमने वाला नहीं है, हिन्दू महासभा इसे अन्तिम परिणाम तक पहुंचा कर रहेगी हिन्दू महासभा के इस कार्यक्रम को लेकर प्रदेश सरकार ने जो भूमिका निभायी है, वह बेहद निन्दनीय है,हिन्दुत्व की राजनीति का ठेका सिर्फ भाजपा के पास नहीं है। ज्ञातव्य हो कि छह दिसम्बर के जलाभिषेक के कार्यक्रम को प्रदेश सरकार के इशारे पर स्थानीय प्रशासन ने धारा–144 लगा दी और पार्टी नेताओं की जगह जगह गिरफ्तारियां करवायी ताकि हिन्दू महासभा श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर जलाभिषेक कार्यक्रम न कर सके, सरकार के इस तानाशाही रवैये के बावजूद हिन्दू महासभा पीछे नहीं हटी और उसने पूरे उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में जलाभिषेक कर बता दिया है कि वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर के ही रहेगी।

# कुंभकरण की नींद में सोई भाजपा सरकार किसानों के दुख दर्द को समझने को तैयार नहीं – अखिलेश यादव

अयोध्या। (डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की उदासीनता एवं अव्यवस्था के चलते प्रदेश में किसानों को बुआई के इस मौसम में सुबह से शाम तक भूखे–प्यासे खाद वितरण केंद्रों पर लाइन में खड़े रहने के बाद भी डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है जिसके चलते कई किसानों की जाने तक जा चुकी हैं या खाद न मिलने के कारण उन्हें आत्महत्या करने को मजबूर होना पड़ा परंतु कुंभकरणीय नींद में सोई प्रदेश सरकार किसानों के इस दुख दर्द को समझने को तैयार ही नहीं है। उक्त बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनकी अगुवाई में प्रेस क्लब के समक्ष प्रदेश में किसानों को खाद ना मिल पाने के विरोध में आयोजित आंदोलन में मौजूद कांग्रेसजनों के बीच कही। प्रेस क्लब गेट के बाहर एकत्रित आंदोलनरत कांग्रेसजन जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ नारे लगाते हुए''खाद दो वरना यूपी छोड़ो'' ''किसान विरोधी योगी सरकार' आदि नारे लगाते हुए कूच किए जहां शासन के इशारे पर पहले से मौजूद भारी पुलिस बल ने इन्हें रोकने का प्रयास किया परंतु आंदोलनरत कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक न सके और कचहरी गेट पहुंचने पर पुलिसबल ने गेट को अंदर से बंद कर लिया। जिस पर नाराज कांग्रेस जन वहीं धरने पर बैठकर नारेबाजी कर जिलाधिकारी कार्यालय जाकर जिलाधिकारी से मिलने की मांग करने लगे। परंतु इन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली और प्रशासन के आदेश पर इन्हें बलपूर्वक गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले जाया गया। इस बीच आंदोलनरत कांग्रेसजनों और पुलिस के बीच कई बार झड़प हुई। जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया कांग्रेस पार्टी के शेर कार्यकर्ताओं को किसानो की हक की आवाज उठाने से कोई भी ताकत रोक नहीं सकती और यदि 1 सप्ताह के भीतर डीएपी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कराई गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता जगह–जगह आंदोलन कर प्रदेश सरकार को नाकों चने चबाने पर मजबूर कर देंगे।इस आंदोलन में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव सुनील पाठक,पीसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला,शिवपूजन पाण्डेय,पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा,अशोक कुमार सिंह,मधु पाठक,रुद्र प्रताप सिंह रिशु,राजेश,अब्दुल हकीम,राम नरेश मौर्य,रीता मौर्य,भूपेंद्र पांडे,निक्कू राम कोरी,सिद्धार्थ,राजेश तिवारी बाबा,दिलीप पाण्डेय,अजीत वर्मा,आशीष गुप्ता,अनंतराम सिंह,मनीष सिंह,राजदेव वर्मा,शरद त्रिवेदी,बसंत मिश्रा,राम सागर रावत,नीलम कोरी,रामचरित्र मौर्य,प्रदीप निषाद,लक्ष्मण,पुष्पेंद्र यादव,राहुल मौर्य,भीम शुक्ला,विशाल यादव,अमर यादव,नरेंद्र कुमार,रोहित यादव,सुनील गुप्ता,विकास मिश्रा,विकास शुक्ला,रिशु यादव,रोहित यादव सहित सैकड़ों कांग्रेसजनों को गिरफ्तार किया गया। खबर लिखे जाने तक गिरफ्तार कांग्रेसजनों को पुलिस लाइन में रखा गया है।

# राज्य स्तरीय तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर कार्यशाला आयोजित

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) जनपद में आज राज्य स्तरीय तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर संभागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या के कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक माननीय श्री वेद प्रकाश गुप्ता जी व सीओ ट्रैफिक श्री राजेश तिवारी के साथ संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्री संजय सिंह एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्री आर पी सिंह उपस्थित रहे । इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा वाहन चालक के साथ मोटर ट्रेनिंग स्कूल के संचालक तथा उनके चालक एवं गुरु नानक स्कूल के 30 बच्चे तथा कार्यालय के समस्त कर्मचारी भी प्रतिभाग किए। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को गुड सेमी रिटर्न तथा उस संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस दिनांक 4 अक्टूबर 21 के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को यातायात नियमों तथा लोगों के कर्तव्य के बारे में भी बताया गया। धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यशाला संपन्न हुई।

# धसी रोड का नगर विधायक ने निरीक्षण कर जिलाधिकारी को कराया अवगत

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) आरटीओ ऑफिस कार्यालय के सामने बनी रोड लगभग 3 महीने से खराब है दो पहिया व चार पहिया वाहनों से आने वाले लोगों को आरटीओ कार्यालय आने में होती है।दिक्कत खुद अधिकारी इस रोड पर अपनी गाड़ी को लेकर नहीं निकल सकते इस समस्या के बारे में आरटीओ कार्यालय के अगल बगल बनी दुकानों के मालिक ने इसकी शिकायत कमिश्नर व नगर आयुक्त की लेकिन अभी तक नहीं हुआ उद्धार आज आरटीओ कार्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ करने पहुंचे अयोध्या विधायक को आरटीओ प्रशासन संजय सिंह व एआरटीओ प्रशासन राजेश प्रताप सिंह ने रोड के बारे में अवगत कराया और शीघ्र ही रोड बनवाने का आग्रह किया वहीं अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रोड का निरीक्षण किया और अपने मोबाइल के जरिए जिलाधिकारी नीतीश कुमार से वार्ता कर इस रोड को शीघ्र बनवाने का आदेश दिया।

# छुट्टा जानवर से बचे धान की अब धान क्रय केंद्रों पर नहीं हो रही खरीदारी – अवधेश प्रसाद

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) सपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला।किसानों व बेरोजगारों का मुद्दा उठाया।पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद ने कहा कि छुट्टा जानवर से बचा धान किसानों के घर आया है।अब खरीदारी धान क्रय केंद्रों पर नहीं हो रही है।किसानों का धान न क्रय होने से किसान परेशान है।किसान को अगली फसल बोने के लिए पैसों की जरूरत है प्रदेश सरकार नहीं कर पा रही है। किसानों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं मिल रहा है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता से झूठे वादे कर रही है।ये सरकार किसान विरोधी है।टीईटी परीक्षा लीक मामले पर सरकार को दोषी ठहराया।सपा नेता ने कहा सरकार में बैठे लोगों ने टीईटी का पेपर लीक कराया।

# थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को 24 घण्टे के अन्दर किया गिरफ्तार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा अपराधी एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर विजय पाल सिंह तथा क्षेत्राधिकारी के कुशल निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उ0नि0 विनय कुमार सिंह व हमराही पुलिस बल के साथ चौकी भदरसा से रवाना होकर देख भाल क्षेत्र तलाश वांछित अभियुक्त मे मामूर थे कि मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि आप जिस अभियुक्त की तलाश कर रहे है वह कहीं जाने की फिराक मे अरुवावा मोड पर खडा है।उ0नि0 मय मुखबिर खास मय हमराह फोर्स के मुखबिर के बताये हुये स्थान पर चल दिये जैसे ही पुलिस वाले अरुवावा तिराहे के पास पहुचे तभी चाय की दुकान के पास खडे व्यक्ति की तरफ इशारा करके मुखबिर खास बताया कि वही व्यक्ति है। पुलिस बल अपने आप को छुपते– छुपाते जैसे ही दुकान के पास खडे व्यक्ति के पास पहुचे कि अचानक पुलिस वालो को अपने पास देख कर भागना चाहा कि तभी पुलिस बल चुस्ती व फुर्ती के साथ मौके पर ही घेर अभियुक्त को पकड लिये। उ0नि0 विनय कुमार सिंह ने पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछा तो अभियुक्त ने अपना नाम देवानन्द उर्फ मिन्टू पुत्र रामचन्दर विश्वकर्मा निवासी राजापुर माफी थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या बताया । अभियुक्त देवानन्द उपरोक्त को कारण गिरफ्तारी से अवगत कराते हुये हिरासत पुलिस मे लिया गया तथा सम्बन्धित अभियोग में जेल भेजा गया।

# टूरिस्ट गाइड पर्यटन कल्याण संस्थान अयोध्या की बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्म नगरी अयोध्या 5 दिसंबर 2021 को टूरिस्ट गाइड पर्यटन कल्याण संस्थान की एक आवश्यक बैठक भागवताचार्य स्मारक सदन में सम्पन्न हुई।जिसकी अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा व संचालन संस्थान सचिव विजेंद्र श्रीवास्तव ने कियाजिसमें संस्थान के पदाधिकारी युवा सदस्यों ने भाग लिया टूरिस्ट गाइड पर्यटन कल्याण संस्थान उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव अजय कुमार मांझी बोले बिना पर्यटन मानव अंधकारप्रेमी होकर रह जाएगा।पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता के प्रति जागरूकता जरूरी है,पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पल को वापस लाने मेरी मदद नहीं करता बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है , पर्यटन दिवस की खासियत यह है कि हर साल लोगों को विभिन्न तरीकों से जागरूक करने के लिए पर्यटन दिवस पर विभिन्न तरीकों की थीम रखी जाती है , ऐसे में पर्यटन के महत्व को जानना बेहतर होगा ताकि इसे फिजूलखर्ची समझकर हमेशा डालने की बजाय हम इस बारे में सोचना शुरू कर सके, मनोरंजन एवं आनंद के उद्देश्य चारों ओर घूमना मानव जन्मजात स्वभाव से ही जिज्ञासु प्रवृत्ति का रहा है अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए आराम से ही व दूरदराज और दुर्गम स्थानों की यात्रा करता आ रहा है ऐसा कहा जाता है की आदिमानव का जीवन पर्यटन शील और घुमक्कड़ की कृपा से ही हुआ है जितने भी धर्मों का विकास हुआ है घुमक्कड़ों की कृपा से ही हो पाया है, लोगों को दूरदराज की यात्राएं करनी पड़ती थी किंतु माना जाता है कि इससे भी बढ़कर यात्रा पर्यटन करने के मूल में उसकी जिज्ञासा वृत्ति ही थी ,काटूरिस्ट पर्यटन कल्याण संस्थान की बैठक में युवा समाजसेवी पत्रकार भाजपा नेता सिद्धार्थ श्रीवास्तव को टूरिस्ट गाइड पर्यटन कल्याण संस्थान उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री अजय कुमार मांझी ने माला पहनाकर स्वागत किया,बैठक में संस्थान के सचिव विजय श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यटन पर अगर बात करें तो विश्व पर्यटन संस्थान द्वारा पर्यटन दिवस की शुरुआत 1970 में की गई थी इसके बाद 27 सितंबर के दिन ही विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है , इसके उद्देश्य में कहा जाए तो इस दिन को मनाने का सीधा सा एक उद्देश्य और वह है पर्यटन के जरिए लोगों के लिए रोजगार पैदा करना जब किसी जगह पर लोग घूमने जाएंगे अपने लिए खरीदारी करेंगे खानपान करेंगे ऐसे में वहां इन सुविधाओं को पूरा करने के लिए लोगों की जरूरत पड़ेगी इस दिन को मनाने का सीधा यह है की पर्यटन के जरिए लोगों के लिए रोजगार पैदा करना जब किसी जगह पर लोग घूमने जाएंगे अपने लिए खरीदारी करेंगे खानपान करेंगे आ गया ऐसे में वहां इन सुविधाओं को पूरा करने के लिए लोगों की जरूरत पड़ेगी जिससे रोजगार कमा के पैदा होंगे और भारत सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के रूप में मनाया जाता है यह दिन पर्यटन और इसके सामाजिक राजनीतिक वित्तीय और सांस्कृतिक मूल्य महत्व पर वैश्विक समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है और टूरिस्ट गाइड पर्यटन कल्याण संस्थान ने राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 25 जनवरी को अपनी संस्था के माध्यम से पर्यटन दिवस पर कार्यक्रम मनाने पर विचार किया है जिससे संस्था द्वारा पर्यटन पर लोगों को जागरूक किया जा सके जिससे विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन का विकास हो सके संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने कहा कि प्रदेश वह अयोध्या महानगर कमेटियों का विस्तार कर टूरिस्ट गाइड संस्थान को विस्तृत किया जाएगा अध्यक्ष द्वारा व सचिव विजेंद्र श्रीवास्तव द्वारा प्रदेश के पदाधिकारियों को विभिन्न पदों से नवाजा गया जिसमें प्रदेश महासचिव अजय कुमार मांझी वह प्रदेश संगठन मंत्री अखिलेश चंद्र सिंह व प्रदेश सलाहकार गणेश प्रसाद द्विवेदी तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव को माल्यार्पण कर स्वागत किया अयोध्या पर्यटन को देखते हुए पूरे संस्थान द्वारा सर्वसम्मति से महानगर कमेटी का विस्तार किया जिसमें महानगर अध्यक्ष अंकित अग्रवाल वह पवन कुमार खरवार को महानगर उपाध्यक्ष तथा सुशील चंद्र पांडे को महानगर सचिव बनाया गया अयोध्या को विश्व लेवल पर वर्तमान सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देना व क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रयासरत है इसलिए संजय कुमार मिश्र व ओम नारायण पांडे को अयोध्या क्षेत्र का गाइड प्रभारी बनाया जाता है संस्थान अध्यक्ष सुभाष चंद्र व सचिव विजेंद्र श्रीवास्तव ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की समाप्ति की गई जिसमें सदस्य पदाधिकारी गण धर्मेंद्र पांडे ओम नारायण पांडे संजय मिश्रा विशाल पांडे शशि पांडे अमरेंद्र श्रीवास्तव रानी पवित्र कुमार साहनी आदि लोग उपस्थित रहे टूरिस्ट गाइड पर्यटन कल्याण संस्थान अयोध्या की बैठक में सभी पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि आगामी 25 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम रूपरेखा तय की गई है।

# नगर पंचायत कुमारगंज में गंदगी का लगा अंबार : संचारी रोग फैलने की आशंका

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज में विभिन्न जगहों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है।कई जगह तो दुर्गंध आने लगी है। शनगर पंचायत का दर्जा पाने के बाद भी लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। नगरवासियों के बीच आक्रोश पनप रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर पंचायत बनने के बावजूद यहां के लोगों को किसी तरह की सुविधा नहीं मिल पा रही है। बताया कि कुमारगंज नगर पंचायत बनने पर लोगों के बीच खुशी का माहौल था। नगर पंचायत बनने के बाद कुछ दिनों तक यहां साफ–सफाई भी हुई। इधर कुछ दिनों से हालत बदतर हो गई। सफाई नहीं होने के कारण कई जगह गंदगी बजबजा रही है। इससे लोगों में संक्रमित बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है। कस्बा कुमारगंज निवासी विनय कुमार गुप्ता ने इस गंदगी के अंबार के बारे में बताया कि कई बार मेरे द्वारा नगर पंचायत के संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया ।लेकिन गंदगी को नहीं हटाया गया। हां विभाग ने इतना तो जरूर करा दिया की उसी कूड़े के ढेर में एक डस्टबिन लगा दिया है अब देखना है कि नगर पंचायत के सफाई कर्मी कब तक मोहल्ले को गंदगी से मुक्त कर सकेंगे। और संचारी रोग फैलने से रोक सकेंगे। नगर पंचायत कुमारगंज प्रभारी अधिशासी अधिकारी लक्ष्मी चौरसिया से साफ सफाई के बारे में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए डस्टबिन कस्बा में रखवाया जा रहा है।

# हिंदू महासभा ने वीर बलिदानियो को दी श्रद्धांजलि : काशी मथुरा का लिया संकल्प

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) 6 दिसंबर को हिंदू महासभा के पदाधिकारियों द्वारा हिंदू महासभा के प्रवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में सरयू तट पर पहुंचकर सरयू जल हाथ में लेकर वीर बलिदानी कारसेवकों को भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान की गई इसी के साथ मथुरा और काशी को मुक्त कराने के लिए संकल्प को दोहराया गया इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि राम मंदिर का संकल्प पूरा हो चुका है अब मथुरा और काशी को मुक्त कराने के लिए संघर्ष किया जाएगा प्लेसेज आफ वर्शिप एक्ट 1991 को शीघ्र समाप्त किया जाए, इस संबंध में सरकार शीघ्र अति शीघ्र विधेयक लाने का भी कार्य करें श्री पांडेय ने राम मंदिर आंदोलन के द्वारा बलिदान हुए कारसेवकों की बदहाल और आर्थिक स्थिति को सही करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से अपील की उन्होंने कहा कि बलिदानी कारसेवकों के परिवारों को न्याय मिलना चाहिए हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत रामलोचन शरण शास्त्री राजन बाबा ने कहा कि जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट द्वारा राम मंदिर का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया ठीक उसी प्रकार मथुरा और काशी के विषय में भी सुप्रीम कोर्ट निर्णय प्रदान करें अगर ऐसा नहीं होता है तो 2022 के चुनाव के बाद हिंदू महासभा इस विषय में निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगी श्रद्धांजलि देने और संकल्प लेने वाले प्रमुख लोगों में महंत नारायण दास जी महाराज, चंद्रहास दीक्षित, अनूप तिवारी ,अजय शुक्ला , अनंतकर पाठक, अरविंद शास्त्री, जितेंद्र कुमार ,कन्हैया दुबे, अयोध्या प्रसाद पांडेय, ननकू प्रसाद पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरण देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।